INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ____________________ Date:_____________ Class: VI Sec: ___

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है | जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी | एक यूनानी विद्वान का कहना है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीकुलस बहुत कम जिया , पर प्रसन्न मन रहने वाला डेमोक्रेट्स १०९ (109) वर्षों तक जिया | हँसी-खुशी का ही नाम जीवन है | जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है | कवि कहते हैं –"ज़िंदगी जिंदादिली का नाम है , मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं ?"

1 अनुच्छेद का उचित शीर्षक लिखिए |

उत्तर ________________________________________________________________

2 शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा उपाय क्या है ?

उत्तर ________________________________________________________________

3 आनंदपूर्वक हंसने का क्या लाभ है ?

________________________________________________________________

उत्तर

4 'मुर्दादिल' से क्या आशय है ?

उत्तर ________________________________________________________________

5 खीझने वाले लोगों का क्या हाल होता है ?

उत्तर ________________________________________________________________

# INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

## अपठित गद्यांश

Name: ____________________ Date:_____________ Class: VIII Sec: ___

जाकिर साहब के बारे में कुछ बातें अविस्मरणीय हैं | १३ मई १९६७ को राष्ट्रपति का पद संभालते हुए उन्होंने कहा था, " सारा भारत मेरा घर है , मैं सच्ची लगन से इस घर को मज़बूत और सुन्दर बनाने की कोशिश करूँगा ताकि वह मेरे महान देशवासियों का उपयुक्त घर हो जिसमें इंसाफ़ और खुशहाली का अपना स्थान हो|" उनकी विनम्रता ऐसी थी कि उन्होंने कहा था, "मैं स्वीकार करता हूँ कि हमारी जनता ने इस उच्चतम पद के लिए निर्वाचित करके मुझ पर जो विश्वास प्रकट किया है उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ हूँ | यह भावना इस वजह से और भी प्रबल हो जाती है कि भारत के महान सपूत डॉ. राधाकृष्णन के बाद मुझसे इस पद को संभालने को कहा गया | मैं उनके क़दमों पर चलने की कोशिश करूँगा, लेकिन उनकी बराबरी कैसे कर सकूँगा?"

1.अविस्मरणीय का क्या अर्थ है ?

उत्तर -______________________________________________________________

2. 'सपूत' का विलोम लिखिए |

उत्तर -______________________________________________________________

3. ज़ाकिर हुसैन किस पद पर आसीन हुए ?

उत्तर -______________________________________________________________

4. राष्ट्रपति का पद संभालते हुए ज़ाकिर हुसैन ने क्या कहा ?

उत्तर -______________________________________________________________

5. वाक्य बनाइए -

क) भारत - ______________________________________________________________

ख) विश्वास --____________________________________________________________